कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, प्रारंभिक शिक्षा, सीकर (राज.)

कार्यालय आदेश

श्रीमान् निदेशक, प्रारंभिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर के आदेश क्रमांक – शिविरा/प्रारं/शैक्षिक/सी/19626/09–10/18–19, दिनांक 29.1.09 के निर्देशानुसार निम्नांकित गैर सरकारी शिक्षण संस्थाओं को उनके द्वारा आवेदन पत्र, शपथ पत्र एवं अण्डरटेकिंग प्रस्तुत करने के आधार पर निम्न शर्तों के अधीन सत्र 2009–10 से उच्च प्राथमिक स्तर के विद्यालय की मान्यता का आशय पत्र जारी किया जा कर शिक्षा सत्र 2009–10 से कक्षा – 6 प्रारम्भ करने की स्वीकृति प्रदान की जाती है। संलग्न सूचना प्रपत्र भरकर आवश्यक रुप से ब्लॉक एवं जिला शिक्षा अधिकारी (प्रा.शि.) कार्यालय में जमा करवायेंगे।

1. संस्था को राजस्थान गैर सरकारी संस्था अधिनियम 1989 एवं नियम 1993 में वर्णित सभी प्रावधानों व मानदण्डों की पालना करनी होगी, शिक्षा विभाग द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार ही शिक्षण कार्य करवाना होगा।
2. प्रधानाध्यापक, अध्यापक एवं शारीरिक शिक्षक सभी निर्धारित योग्यताधारी हों। प्रतिमाह नामांकन, संस्थापन व अन्य सूचनायें उच्चाधिकारियों को प्रस्तुत करनी होगी।
3. संस्था को किसी प्रकार का अनुदान देय नहीं होगा।
4. संस्था को विद्यालय प्रारम्भ करने की सूचना इस कार्यालय, ब्लॉक प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी, प्रधानाचार्य डाइट व संयोजक, जिला समान परीक्षा, सीकर को अत्यावश्यक रुप से भिजवानी होगी। प्रतिवर्ष क्रीड़ा शुल्क व परीक्षा शुल्क नियमानुसार समय पर जमा करवाना होगा।
5. संस्था को सक्षम स्तर द्वारा जारी भवन सुरक्षा प्रमाण पत्र प्रति तीन वर्ष में आवश्यक रुप से जिला शिक्षा अधिकारी एवं ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में प्रस्तुत करना होगा।
6. संस्था द्वारा विद्यालय संचालन नहीं करने पर मान्यता का आशय पत्र निरस्त समझा जावेगा।
7. विद्यालय के नाम, स्थान व भवन परिवर्तन सक्षम अधिकारी की स्वीकृति के बिना नहीं किया जा सकेगा।
8. राज्य सरकार एवं शिक्षा विभाग द्वारा समय समय पर जारी दिशा निर्देशों व नियमों की पालना नहीं करने एवं विद्यालय निरीक्षण के समय अनियमितता पायी जाने पर तत्काल प्रभाव से मान्यता का आशय पत्र निरस्त किया जा सकता है।

क्र. सं.	संस्था का नाम	माध्यम	ब्लॉक का नाम
1	सेन्ट जॉन्स स्कूल सेवद बड़ी	अंग्रेजी	धोद
2	शेखावाटी इन्टरनेशनल ऐकेडमी ऑफ एज्यूकेशन, सेवद बड़ी	हिन्दी	धोद
3	शेखावाटी इन्टर नेशनल ऐकेडमी ऑफ एज्यूकेशन, सेवद बड़ी	अंग्रेजी	धोद
4	शेखावाटी विद्यापीठ संस्थान सुजानपुरा	हिन्दी	धोद
5	तिरुपति पब्लिक शिक्षण संस्थान, सेवा	हिन्दी	धोद
6	मदरसा तालीमूल शिक्षण संस्थान, कासली	हिन्दी	धोद
7	सोफिया शिक्षण संस्थान, शाहपुरा	हिन्दी	धोद
8	श्रीराम शिक्षण संस्थान, सिहोट छोटी	हिन्दी	धोद
9	ज्ञानदीप पब्लिक शिक्षण संस्थान, दीपपुरा राजाजी	हिन्दी	धोद
10	संस्कार शिक्षण संस्थान, शाहपुरा	हिन्दी	धोद
11	सुभाष कान्वेन्ट स्कूल, सेवद बड़ी	अंग्रेजी	धोद
12	कुम्भाराम आर्य शिक्षण संस्थान, दुगोली	हिन्दी	धोद
13	शेखावाटी शिक्षण संस्थान, शाहपुरा	हिन्दी	धोद

Manager
St. JOHN'S SCHOOL
Sewad Bari, Sikar

sd
जिला शिक्षा अधिकारी
प्रारंभिक शिक्षा, सीकर

क्रमांक – जिशिअ/प्रारं/सी/सा–1/मान्यता/09/953-966 दिनांक – 31.3.09

प्रतिलिपि – सूचनार्थ एवं पालनार्थ

1. श्रीमान् निदेशक (प्रारंभिक शिक्षा) राजस्थान, बीकानेर।
2. श्रीमान् उप निदेशक (प्रारंभिक शिक्षा) जयपुर संभाग, जयपुर।
3. प्रधानाचार्य, डाईट, सीकर।
4. ब्लॉक प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी समय समय पर विद्यालयों का निरीक्षण कर विभागीय निर्देशों व शर्तों की पालना सुनिश्चित करवायेंगे।
5. संबंधित संस्था प्रधान/सचिव सेन्ट जॉन्स स्कूल सेवद बड़ी
6. संयोजक एवं प्रधानाध्यापक, जिला समान परीक्षा/क्रीड़ा प्रतियोगिता, सीकर।
7. रक्षित पत्रावली।

Shilpa
PRINCIPAL
ST. JOHN'S SCHOOL
SEWAD BARI, SIKAR (RAJ.)